# Bihar B.ed Previous Year Paper

## [Part – A (i)]
## GENERAL ENGLISH COMPREHENSION

**Directions (1-10):** Read the following passage carefully and answer the questions given below it.

It is an old saying that knowledge is power. Education is an instrument which imparts knowledge and, therefore indirectly controls power. Therefore, ever since the dawn of civilization persons in power have always tried to control education. It has been the hand - maid of the ruling class. During the Christian era, the ecclesiastics controlled the institution of education and diffused among the people the gospel of the Bible. These gospels were no other than a philosophy for the maintenance of the existing society. This religious education taught the poor man to be meek and to earn his bread with the sweat of his brow, while the priests and the landlords lived in luxury and fought duels for the slightest offence.

During the Renaissance, education passed more from the clutches of the priest into the hand of the prince. In other words it became more secular. It was also due to the growth of the nation - stale and powerful monarchs who united the country under their rule. Thus, under the control of the monarch, education began to devise and preach the infallibility of its masters. It also invented and supported fantastic theories like the Divine Right Theory and that the king can do no wrong' etc.

With the advent of the industrial revolution education took a different tum and had to please the new masters. It now no longer remained the privilege of the baron class but was thrown open to the new rich merchant class of society. Yet education was still confined to the few elite. The philosophy which was in vogue during this period was that of 'Laissez Faire' restricting the function of the State to a mere keeping of law and order while, on the other hand, in practice the law of the jungle prevailed in the form of free competition and the survival of the fittest.

**1.** Who controlled education after the industrial revolution ?
(a) The baron class (b) The priests
(c) The monarch (d) None of these

**2.** What does the 'Theory of Divine Right of King' mean ?
(a) Kings are Gods
(b) They have the right to be worshipped like Gods by their subjects
(c) The right of governing is conferred upon kings by God
(d) None of these

**3.** What does the expression 'hand - maid of the ruling class' mean ?
(a) Private mistress of the king
(b) Something fully under the control of the ruling class
(c) The symbol of authority of the king
(d) None of these

**4.** Who controlled education during the Renaissance ?
(a) The common people
(b) The prince
(c) The church and the priests
(d) The secular leaders of the society

**5.** What does the word 'infallibility' mean ?
(a) Every man is open to error
(b) Some divine power is responsible for determining the fate of men
(c) The virtue of not making any mistake
(d) Sensitivity

**6.** What did the ruling class in the Christian era think of the poor man ?
(a) He is the beloved of God
(b) He deserves all sympathy of the rich
(c) He should be strong
(d) He is meant for serving the rich

7. Who contolled the institution of education during the Christian era ?
(a) The church and the priests
(b) The monarchs
(c) The secular leaders of society
(d) The common people

8. Why have persons in power always tried to control education ?
(a) because they wanted to educate the whole public
(b) because they wanted to deprive the common man of the benefits of education
(c) because it involved a huge burden on the state exchequer
(d) because it is an instrument of knowledge and power

9. What does 'Laissez - Faire' mean ?
(a) joint control on the means of production by the state and private enterprise
(b) Individual freedom in the political field
(c) state control on the means of production
(d) None of these

10. Which of the following is chronologically arranged?
(a) Renaissance period, Christian period, Period of Industrial Revolution
(b) Christian period, Renaissance period, Period of Industrial Revolution
(c) Period of Industrial Revolution, Christian period. Renaissance period.
(d) Christian period, Period of Industrial Revolution, Renaissance period

## [Part – A (i) ] General Hindi (सामान्य हिन्दी बोध)

**निर्देश (1-10):** निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़ें एवं नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर दें।

एक पुरानी कहावत है कि ज्ञान ही शक्ति है। शिक्षा वह साधन है जो ज्ञान प्रदान करती है, अतः परोक्ष रूप से शिक्षा शक्ति को नियंत्रित करती है। यही कारण है कि सभ्यता की शरूआत से हो सत्तारूढ़ व्यक्ति सदैव ही शिक्षा को नियंत्रित करने की चेष्टा करता रहा है। शिक्षा सत्तारूढ़ वर्ग के हाथ की कठपुतली रही है। ईसाई युग में ईसाई धर्मगुरुओं ने शिक्षण संस्थाओं को नियंत्रित कर ईसाई धर्म सिद्धांतों को लोगों में फैलाया। ये धार्मिक सिद्धांत समाज की तत्कालीन व्यवस्था को बनाए रखने के साधन मात्र थे। यह धार्मिक शिक्षा गरीबों को दब्बू बने रहकर कड़ी मेहनत से जीविकोपार्जन का उपदेश तो देती थी परन्तु धर्मपुरोहित तथा जमींदार विलासी जीवन व्यतीत करते थे तथा छोटी - छोटी बातों पर एक - दूसरे से लड़ा करते थे। पुनर्जागरण काल में शिक्षा लगभग धर्मगुरुओं के हाथ से निकलकर राजकुमारों के हाथ में चली गई, या कहें कि शिक्षा ज्यादा धर्मनिरपेक्ष हो गयी। इसकी एक वजह राष्ट्र - राज्य तथा शक्तिशाली राजाओं का' उदय भी थी, जिन्होंने अपने शासन के तहत राष्ट्र को एकता के सूत्र में बांधा। इस प्रकार राजाओं के अधीन इस शिक्षा ने अपने सरपरस्तों के अमोघत्व को फैलाया। शिक्षा ने 'दिव्य शक्ति सिद्धांत' तथा 'राजा तो सभी गलत कर ही नहीं सकता' जैसे शानदार सिद्धांतों का प्रतिपादन तथा समर्थन किया।

औद्योगिक क्रांति के आरंभ के साथ शिक्षा का रूख फिर बदला तथा उसे खुश करने हेतु नये मालिक मिले। अब यह सिर्फ सामन्तवादी वर्ग की जागीर नहीं रह गयी बल्कि यह समाज के नए धनाढ्य व्यापारी वर्ग के लिए भी सुलभ हो गयी। बावजूद इसके शिक्षा कुछ अभिजात वर्ग तक ही सीमित थी। इस काल में हस्तक्षेप - रहित दर्शन प्रचलन में था जो राय के कार्य को सिर्फ कानून और व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित करता था, जबकि वास्तव में मुक्त प्रतिस्पर्धा एवं योग्यतम की उत्तरजीविता के रूप में जंगल का कानून व्याप्त था।

1. औद्योगिक क्रांति के पश्चात् किसने शिक्षा को नियंत्रित किया ?
(a) सामन्तवादी वर्ग ने
(b) पुरोहित वर्ग ने
(c) राजा ने
(d) इनमें से कोई नहीं

2. 'राजा की दैवीय - शक्ति' सिद्धांत का क्या तात्पर्य हैं ?
(a) राजा भगवान होते हैं
(b) उन्हें प्रजा के द्वारा ईश्वर - समान पूजे जाने का अधिकार है।
(c) राजाओं को शासन करने का अधिकार ईश्वर - प्रदत्त है
(d) इनमें से कोई नहीं

3. 'सत्तारूढ़ वर्ग के हाथ की कठपुतली' का क्या अर्थ है ?
(a) राजा की निजी दासी
(b) वह जो पूरी तरह से सत्तारूढ़ वर्ग के नियंत्रण में है
(c) राजा के अधिकार का प्रतीक
(d) इनमें से कोई नहीं

4. पुनर्जागरण काल में शिक्षा किसके नियंत्रण में थी ?
(a) आम जनता
(b) राजकुमार
(c) चर्च एवं पुरोहित
(d) समाज के धर्मनिरपेक्ष नेता

5. 'अमोघत्व' का क्या तात्पर्य है ?
(a) प्रत्येक व्यक्ति गलती कर सकता है
(b) मनुष्य के भाग्य का निर्धारण कोई दैवीय शक्ति करती है
(c) कोई भी गलती न करने का गुण
(d) संवेदनशीलता

6. ईसाई युग में सत्तारूढ़ वर्ग गरीब आदमी के बारे में क्या राय रखता था ?
(a) वह ईश्वर को प्रिय है
(b) वह धनी वर्ग की सहानुभूति के योग्य है।
(c) उसे ताकतवर होना चाहिए
(d) वह धनी वर्ग की सेवा के लिए बना है

**7.** ईसाई युग में शिक्षण संस्थाओं पर किसका नियंत्रण था ?

(a) चर्च एवं पुरोहितों का

(b) राजाओं का

(c) समाज के धर्मनिरपेक्ष नेताओं का

(d) आम आदमी का

**8.** सत्तारूढ़ वर्ग सदैव से ही शिक्षा को नियंत्रण में रखने की चेष्टा क्यों करता रहा है ?

(a) क्योंकि वे समस्त जनता को शिक्षित करना चाहते थे

(b) क्योंकि वे आम जनता को शिक्षा के लाभ से वंचित रखना चाहते थे

(c) क्योंकि राज्य के खजाने पर अत्यधिक बोझ निहित था

(d) क्योंकि शिक्षा ज्ञान एवं शक्ति प्राप्त करने का साधन थी

**9.** 'लेजेस्फेर / हस्तक्षेप - रहित' से क्या तात्पर्य है ?

(a) उत्पाद के साधनों पर राज्य एवं निजी संस्थाओं का संयुक्त नियंत्रण

(b) राजनीति के क्षेत्र में व्यक्तिगत स्वतंत्रता

(c) उत्पादन के साधनों पर राज्य का नियंत्रण

(d) इनमें से कोई नहीं

**10.** निम्नलिखित में से कौन कालक्रम में व्यवस्थित है ?

(a) पुनर्जागरण काल, ईसाई काल, औद्योगिक क्रांति काल

(b) ईसाई काल, पुनर्जागरण काल, औद्योगिक क्रांति काल

(c) औद्योगिक क्रांति काल, ईसाई काल, पुनर्जागरण काल

(d) ईसाई काल, औद्योगिक क्रांति काल, पुनर्जागरण काल

## [Part – A (ii)] Reasoning (तार्किक एवं विश्लेषणात्मक विवेचना)

**11.** यदि 15 सितंबर को मंगलवार था, तो उस माह में कितने मंगलवार और शुक्रवार थे ?

(a) 5 मंगलवार और 5 शुक्रवार (b) 4 मंगलवार और 4 शुक्रवार

(c) 5 मंगलवार और 4 शुक्रवार (d) 4 मंगलवार और 5 शुक्रवार

**12.** नीचे दिए गए प्रश्न में एक कथन और उसके बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं। आपको दिए गए कथन को सत्य मानते हुए तय करना है कि कौन - सा निष्कर्ष कथन का तर्कसंगत रूप से अनुसरण करता है।

**कथन :** विद्यालय में, विद्यार्थी सीखते हैं क्योंकि जो उनको पढ़ाया जाता है, उसे समझने में वे समर्थ हैं।

**निष्कर्ष : I** विद्यार्थियों का विद्यालय में सीखना उनके सीखने की क्षमता पर निर्भर करता है।

**II.** विद्यार्थियों का विद्यालय में सीखना इस बात पर निर्भर करता है कि उनको कैसे पढ़ाया जाता है।

(a) केवल I अनुसरण करता है

(b) केवल II अनुसरण करता है

(c) I और II दोनों अनुसरण करते हैं

(d) न तो I न ही II अनुसरण करता है

**13.** 42 विद्यार्थियों की कक्षा में सुमन की रैंक बायें छोर से 27वीं है और रीता की रैंक दायें छोर से 28वीं है। यदि सुरेश की रैंक, सुमन और रीता के रैंक के ठीक बीच में है, तो सुरेश की बायें और दायें छोर से रैंक क्या है ?

(a) 20, 23 (b) 21, 22

(c) 22, 22 (d) 20, 22

**14.** एक पिता अपने पुत्र से कहता है, "मेरी उम्र तुम्हारी वर्तमान उम्र से दो वर्ष अधिक थी जब तुम्हारा जन्म हुआ था।" यदि पिता की वर्तमान उम्र 36 वर्ष है, तो 5 वर्ष पूर्व उसके पुत्र की उम्र कितनी थी ?

(a) 14 वर्ष (b) 12 वर्ष

(c) 13 वर्ष (d) 16 वर्ष

**15.** सुषमा का दन्त चिकित्सक से मिलने का समय 7 : 20 सायं का निश्चित था। दन्त चिकित्सक के कक्ष में घुसते समय उसने दीवार घड़ी की प्रतिछाया देखी। घड़ी की सूइयां 4 : 40 दिखा रही थीं। उसे लगा कि यह प्रतिछाया यह दर्शा रही थी कि वह समय पर नहीं पहुंचती थी। उसके संदर्भ में क्या सत्य है ?

(a) वह ठीक समय पर थी

(b) वह समय से 20 मिनट पूर्व थी

(c) वह समय से 20 मिनट विलम्ब से थी


(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**16.** एक खाने में छः पुस्तकें अगल - बगल रखी हुई हैं, जिनके नाम A, B, C, D, E और F हैं। तीन पुस्तकें B, C और E हरी जिल्द वाली हैं, जबकि बाकी पुस्तकों की जिल्द पीली है। A, D और B नयी पुस्तकें हैं, जबकि बाकी पुस्तकें पुरानी हैं। A, C और B कानूनी रिपोर्ट हैं, जबकि बाकी गजेटियर हैं। निम्नलिखित में से कौन हरे जिल्दवाली, पुरानी और कानूनी रिपोर्ट है ?

(a) A (b) B

(c) C (d) D

**17.** दिए गए चित्र में कितने त्रिभुज हैं ?



(a) 11 (b) 14

(c) 16 (d) 22 या अधिक

**18.** एक बस पटना से खुलती है जिसमें महिलाओं की संख्या पुरुषों की संख्या की आधी है। गया में बारह पुरुष उतरते हैं और छ : महिलाएँ चढ़ती हैं, जिससे अब बस में पुरुषों और महिलाओं की संख्या बराबर हो जाती है। पटना में प्रारंभ में कितने यात्री बस में चढ़े थे ?

(a) 54 (b) 50
(c) 45 (d) 60

**19.** छः मित्र P, Q, R, S, T और U एक वृत्त के गिर्द केन्द्र की ओर मुख करके बैठे हैं। यदि U, P और S के बीच है; R, T और Q के बीच है; T, S और R के बीच नहीं है और S, R के बायें दूसरा है; तो निम्न में से S की स्थिति क्या है?

(a) P के दायें दूसरा (b) Q के ठीक दायें
(c) Q के बायें तीसरा (d) P के दायें चौथा

**20.** किरण पश्चिम की ओर 14 मीटर चलती है, फिर अपने दायें मुड़ती है और 14 मीटर चलती है और फिर अपने बायें मुड़ती है और 10 मीटर चलती है। फिर वह बायें मुड़कर 14 मीटर चलती है। उसके प्रारंभिक बिन्दु और वर्तमान स्थिति के बीच न्यूनतम दूरी क्या है ?

(a) 10 मीटर (b) 24 मीटर
(c) 28 मीटर (d) 38 मीटर

**21.** यदि 'cinto booli tsi nzro' का अर्थ 'his city is Agra', 'cinto mhi keepi tsi oind' का अर्थ 'This first love is mathematics' और 'oind geit tsi cinto pki' का अर्थ है 'mathematics problem is his passion' हो; तो 'mathematics' शब्द का अर्थ क्या होगा ?

(a) cinto (b) booli
(c) oind (d) geit

**22.** यदि '20 - 10' का अर्थ 200, '8 + 4' का अर्थ 12, '6 × 2' का अर्थ 4 और '12 + 3' का अर्थ 4 है, तो -
100 - 10 × 1000 + 1000 + 100 × 10 = ?

(a) 1090 (b) 190
(c) 20 (d) 0

**23.** दी गयी अक्षर श्रृंखला में अगला अक्षर कौन - सा होना चाहिए ?
Z Y X W V U T Z Y X W V U Z Y X W V Z Y X W

(a) V (b) Y
(c) Z (d) U

**24.** निम्नलिखित शब्दों को सार्थक क्रम में व्यवस्थित करें।

(A) मेंढक (B) बाज
(C) टिड्डा (D) सांप
(E) घास

(a) E, C, D, A, B (b) E, C, A, D, B
(c) C, E, A, D, B (d) E, C, A, B, D

**25.** एक पारिवारिक मिलन समारोह में निम्नलिखित लोग थे - एक दादा, एक दादी, दो पिता, दो माता, चार बच्चे, तीन पोते - पोतियाँ, एक भाई, दो बहनें, दो बेटे, दो बेटियाँ, एक ससुर, एक सास और एक बहू। पारिवारिक मिलन समारोह में लोगों की न्यूनतम संख्या कितनी थी ?

(a) 5 (b) 10
(c) 15 (d) 7

**26.** प्रीति ने राहुल से अधिक अंक प्राप्त किए। यमुना ने दिव्या के बराबर अंक प्राप्त किए। लोकिता ने मंजू से कम अंक प्राप्त किए। राहुल के यमुना से अधिक अंक प्राप्त किए। मंजू ने दिव्या से कम अंक प्राप्त किए। सबसे कम अंक किसने प्राप्त किया ?

(a) मंजू (b) यमुना
(c) लोकिता (d) राहुल

**27.** एक व्यक्ति एक कार्य को लगातार 8 दिनों तक करता है तथा 9वें दिन विश्राम करता है। यदि वह सोमवार को कार्य प्रारंभ करता है, तो वह 12वीं बार विश्राम सप्ताह के किस दिन करेगा ?

(a) रविवार (b) बुधवार
(c) मंगलवार (d) शुक्रवार

**28.** दिए गए विकल्पों में से लुप्त अंक ज्ञात कीजिए।

| | | |
|---|---|---|
| 8 | 9 | 7 |
| 3 | 4 | 5 |
| 4 | 5 | 3 |
| 20 | 31 | ? |

(a) 32 (b) 22
(c) 35 (d) 25

**निर्देश (29-30):** नीचे दिए गए प्रश्नों में तीन कथन और उसके बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सर्वज्ञात तथ्यों से भिन्न हों। फिर तय कीजिए कि कौन - सा निष्कर्ष तीनों कथनों का तर्कसंगत रूप से अनुसरण करता है, चाहे सर्वज्ञात तथ्य कुछ भी हों।

29. **कथन:**
**I.** सभी टेबल बेड हैं।
**II.** कोई बेड नाव नहीं है।
**III.** सभी झील नाव हैं।
**निष्कर्ष :**
**I.** कुछ नाव झील हैं।
**II.** कोई टेबल नाव नहीं है।
(a) कोई अनुसरण नहीं करता है
(b) केवल I अनुसरण करता है
(c) केवल II अनुसरण करता है
(d) दोनों I और II अनुसरण करते हैं

**30. कथन :**
**I.** कुछ घंटे घड़ियाँ हैं।
**II.** कुछ घड़ियाँ दीवार है।
**III.** कुछ दीवार मकान है।
**निष्कर्ष :**
**I.** कुछ घंटे दीवार है।
**II.** कुछ मकान घंटे हैं।
(a) केवल 1 अनुसरण करता है
(b) केवल II अनुसरण करता है
(c) कोई अनुसरण नहीं करता है
(d) या तो I या II अनुसरण करता है

## [Part – A (iii)]
## Educational and general understanding
## (शैक्षिक एवं सामान्य बोध)

**31.** सौर मण्डल को किस ग्रह का रंग नीला - हरा है ?
(a) बृहस्पति (b) पृथ्वी
(c) शनि (d) अरुण

**32.** किस देश को 'लैण्ड ऑफ द थण्डर ड्रैगन' कहा जाता है ?
(a) नेपाल (b) भूटान
(c) बांग्लादेश (d) म्यांमार

**33.** 'केन्द्रीय तम्बाकू अनुसंधान संस्थान' कहाँ स्थित
(a) कोयम्बटूर (b) राजमुंदरी
(c) पणजी (d) मैसूर

**34.** भारत में 'राष्ट्रीय शिक्षा दिवस' कब मनाया जाता है ?
(a) 25 मार्च (b) 11 अगस्त
(c) 11 जुलाई (d) 11 नवंबर

**35.** कौन - सा देश प्रथम पर्यावरणीय लोकतंत्र सूचकांक में शीर्ष पर है?
(a) भारत (b) स्विट्जरलैंड
(c) लिथुआनिया (d) रूस

**36.** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'प्रकाश पथ' के रूप में . . . . . . . . . . . . . के लिए एक योजना की शुरूआत की।
(a) एलईडी बल्ब वितरण (b) सीएफएल बल्ब वितरण
(c) सौर पैनल वितरण (d) सौर कुकर वितरण

**37.** किस देश ने नव विकसित पारिस्थितिक रूप से स्वच्छ - रॉकेट 'अंगारा - ए 5' का प्रक्षेपण किया ?
(a) रूस (b) भारत
(c) स्पेन (d) जर्मनी

**38.** विश्व का सबसे अधिक खाद्यान्न उत्पादक देश कौन - सा है ?
(a) यूएसए (b) भारत
(c) चीन (d) ब्राजील

**39.** निम्नलिखित में से कौन - सा नए आर्थिक सुधारों का अंग नहीं है ?
(a) उदारीकरण (b) भूमंडलीकरण
(c) निजीकरण (d) केन्द्रीकरण

**40.** निम्नलिखित में से कौन - सा मस्तिष्क की गतिविधियों को रिकॉर्ड करता है ?
(a) सीटी (b) ईसीजी
(c) ईईजी (d) एमईटी

**41.** जैविक ऑक्सीजन मांग (बीओडी) को किसके मानक माप के रूप में प्रयोग किया जाता है ?
(a) वन प्रणाली में ऑक्सीजन का स्तर
(b) प्राणियों में ऑक्सीजन का स्तर
(c) जल प्रणाली में ऑक्सीजन का स्तर
(d) वायुमंडल में ऑक्सीजन का स्तर

**42.** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के वर्तमान चेयरमैन कौन हैं ?
(a) प्रो. वेद प्रकाश (b) प्रो. एच देवराज
(c) प्रो. मोहम्मद मिया (d) प्रो. के. एन. शान्ति

**43.** एक संवैधानिक निकाय के रूप में राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद् कब अस्तित्व में आया ?
(a) 28 जुलाई, 1993 (b) 17 अगस्त, 1995
(c) 15 अक्टूबर, 1991 (d) 22 मार्च, 1994

**44.** वर्ष 2015 में प्रतिष्ठित भारत रत्न पुरस्कार प्राप्त करने वालों में से एक हैं -
(a) श्री सचिन तेंदुलकर
(b) पंडित मदन मोहन मालवीय 35
(c) प्रो. सी. एन. आर. राव
(d) प्रो. अमर्त्य सेन

**45.** हिमालय पर्वत श्रृंखला निम्न में से किसके अंतर्गत आती है ?
(a) ज्वालामुखी पर्वत (b) अवशिष्ट पर्वत
(c) ब्लॉक पर्वत (d) वलित पर्वत

**46.** गुप्त वंश में शिक्षा का एक प्रतीक किस विश्वविद्यालय को माना जा सकता है ?
(a) तक्षशिला (b) उज्जैन
(c) नालंदा (d) अमरावती

**47.** किस शहर का उपनाम 'हजारों मंदिरों का शहर' हैं ?
(a) महाबलीपुरम् (b) कांचीपुरम्
(c) वेंकटेश्वर (d) श्री शैलम्

**48.** जनगणना 2011 के अनुसार बिहार राज्य की कुल साक्षरता दर कितनी है ?
(a) 71.20% (b) 51.50%
(c) 59.68% (d) 63.82%

**49.** मिट्टी के घड़े में निम्न में से किस प्रक्रिया के कारण जल ठण्डा रहता है ?
(a) उर्ध्वपातन (b) द्रवण
(c) वाष्पीकरण (d) उपरोक्त सभी

**50.** 'नीली क्रांति' संबंधित है -
(a) अंतरिक्ष अनुसंधान से (b) पेयजल से
(c) मुर्गी पालन से (d) मत्स्य पालन से

**51.** पोलियो का नैमित्तिक जीव क्या है ?
(a) जीवाणु (b) कवक
(c) विषाणु (d) कृमि

**52.** टेलीविजन के रिमोट कंट्रोल में किस प्रकार के विद्युत चुम्बकीय विकिरण का प्रयोग होता है ?
(a) अवरक्त (b) पराबैंगनी
(c) दृश्य (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**53.** निम्नलिखित में से कौन - सा पौधा बीज से उत्पन्न नहीं होता ?
(a) मटर (b) फूलगोभी
(c) टमाटर (d) आलू

**54.** बिहार के शिक्षा मंत्री कौन हैं ?
(a) डॉ. मदनमोहन झा (b) डॉ. अशोक चौधरी
(c) डॉ. धर्मेन्द्र सिंह गंगवार (d) श्री पी. के. शाही

**55.** 'राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान' कब शुरू किया गया था ?
(a) 2009 में (b) 2012 में
(c) 2010 में (d) 2007 में

## [Part – A (iv) ]
## Teaching learning environment in the school
## (विद्यालय में शिक्षण अधिगम का परिवेश)

**56.** 'पाठ्यक्रम' का सही अर्थ क्या है ?
(a) पाठ्यक्रम - संबंधी सभी गतिविधियों का संग्रह
(b) उन सभी अनुभूतियों का संग्रह जो विद्यालय मा चाहता है कि बच्चे आत्मसात् करें।
(c) सभी अनिवार्य एवं वैकल्पिक विषयों का र संग्रह
(d) उन अध्ययन सामग्रियों का संग्रह जिन्हें कंटस्थ कर छात्र अपनी कक्षाओं में पास कर सकें

**57.** कुछ छात्र विद्यालय से चुपचाप भाग जाते हैं। ऐसे छात्रों की इस आदत पर रोक लगाने हेतु आप क्या करेंगे?
(a) यह जानने की कोशिश करेंगे कि वे विद्यालय से क्यों भागे
(b) उनकी विद्यालय से भागने की इस आदत की सूचना प्रधानाध्यापक को देंगे
(c) ऐसे बच्चों के अभिभावाकों को उनकी इस आदत की सूचना देंगे
(d) कक्षा शिक्षण को और अधिक रूचिकर बनाने का प्रयत्न करेंगे

**58.** रटने की आदत के परिणामस्वरूप क्या हानि होती है ?
(a) बुद्धि भोथरी हो जाती है
(b) छात्र पाठ्यक्रम के परे कुछ भी और पढ़ने में रूचि नहीं लेते
(c) विशुद्ध चिन्तन की प्रक्रिया अवरुद्ध हो जाती है
(d) सही ढंग से व्यक्तित्व का विकास नहीं हो पाता

**59.** प्रभावकारी एवं स्थायी अधिगम हेतु एक शिक्षार्थी के पास होना चाहिए -
(a) सिर्फ सीखने की योग्यता
(b) सिर्फ अभिप्रेरणा का अपेक्षित स्तर
(c) सिर्फ सीखने के अवसर
(d) योग्यता एवं अभिप्रेरणा का वाछित स्तर

**60.** कक्षा संप्रेषण होना चाहिए -
(a) शिक्षक कौन्द्रित (b) छात्र केन्द्रित
(c) तकनीकी केन्द्रित (d) पाठ्यपुस्तक केन्द्रित

**61.** निम्नलिखित में से कौन - सा पाठ्यक्रम का घटक नहीं है ?
(a) शिक्षण (b) अनुभव
(c) उद्देश्य (d) विषय

**62.** प्रभावकारी शिक्षण निर्भर करता है -
(a) कक्षा में अनुशासन बनाए रखने पर
(b) शिक्षक की ईमानदारी पर
(c) शिक्षक द्वारा छात्रों को सिखाने एवं समझाने पर
(d) शिक्षक के शिक्षण कार्य में रूचि पर

**63.** बहु विकल्पीय प्रश्न बच्चे की किस योग्यता की जाँच करते हैं ?
(a) सही उत्तर को स्मरण करने की
(b) सही उत्तर बनाने की
(c) सही उत्तर की व्याख्या करने की
(d) सही उत्तर पहचानने की

**64.** एक शिक्षक सदैव अपने छात्रों के एक विषय क्षेत्र से अर्जित ज्ञान को अन्य विषय क्षेत्रों के ज्ञान से जोड़ने में मदद करता है। यह किसको बढ़ावा देता है ?
(a) पुनर्बलन को
(b) सहसंबंध एवं ज्ञान के स्थानांतरण को
(c) व्यक्तिगत विभिन्नताओं को
(d) छात्रों की स्वायत्तता को

**65.** एक शिक्षक अपने छात्रों को कई समूह गतिविधियों जैसे समूह परिचर्चा, समूह प्रोजेक्ट, रोल प्ले इत्यादि से व्यस्त रखता है। यह अधिगम के किस आयाम पर विशेष बल डालता है ?
(a) एम सामाजिक गतिविधि के रूप में अधिगम
(b) मनोरंजन द्वारा अधिगम
(c) भाषा - निर्देशित अधिगम
(d) प्रतियोगिता - आधारित अधिगम

**66.** एक अच्छी पाठ्यपुस्तक को किसे बढ़ावा नहीं देना चाहिए ?
(a) लैंगिक समानता (b) सामाजिक जिम्मेदारी
(c) लैंगिक पूर्वाग्रह (d) लैंगिक संवेदनशीलता

**67.** एक शिक्षक अपने शिक्षण में श्रव्य - दृश्य सहायक सामग्रियों एवं भौतिक गतिविधियों का प्रयोग इसलिए करता है क्योंकि वे -
(a) शिक्षक को आराम पहुंचाते हैं
(b) प्रभावाकारी मूल्यांकन को सुगम बनाते हैं
(c) कब से बचाते हैं।
(d) अधिकतम ज्ञानेन्द्रियों का उपयोग कर अधिगम में वृद्धि कर देते हैं।

**68.** श्रवणशक्ति में क्षय के कारण बच्चों को कक्षा में जिस मुख्य कठिनाई का सामना करना पड़ता है, वह है -
(a) दूसरों के साथ सूचना संप्रेषित करने अथवा साझा करने की अयोग्यता
(b) दूसरों के साथ परीक्षा देने की अयोग्यता
(c) निर्धारित पाठ्य पुस्तकों को पढ़ने की आयोग्यता
(d) खेल - कूद में भाग लेने की अयोग्यता

**69.** शिक्षक - छात्र संबंध के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन - सी बात सही है ?
(a) बहुत अनौपचारिक तथा निकट
(b) कक्षा तक सीमित
(c) सौहार्द्रपूर्ण तथा सम्मानपूर्ण
(d) उदासीन

**70.** एक उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक के रूप में आपकी कक्षा में कुछ ऐसे छात्र हैं जो 'प्रथम पीढ़ी के विद्यालय जानेवाले' हैं। ऐसी परिस्थिति में आप क्या करेंगे ?
(a) अभिभावकों को बुलाकर उन्हें उनके बच्चों का ट्यूशन में पंजीकरण करवाने के लिए कहेंगे
(b) उन्हें कक्षा की गतिविधियों में एवं गृहकार्य में सभी प्रकार की सहायता प्रदान करेंगे
(c) उन्हें उत्तर को कंठस्थ करके पाँच बार नोटबुक में लिखने का गृहकार्य देंगे।
(d) उन बच्चों को कहेंगे कि उनमें आगे पढ़ने की क्षमता नहीं है और उन्हें अपने अभिभावकों के कार्य में हाथ बंटना चाहिए

**71.** एक प्रभावकारी शिक्षण सहायक प्रणाली -
(a) रंगीन एवं देखने में अच्छी होती है
(b) सभी मनःशक्तियों को सक्रिय बना देती है।
(c) सभी छात्रों को दिखाई देती है
(d) निर्माण एवं उपयोग में सरल होती है

**72.** निम्नलिखित शिक्षण प्रक्रिया को क्रम में व्यवस्थित करें -
(i) वर्तमान ज्ञान को पूर्व ज्ञान से संबद्ध करना
(ii) मूल्यांकन
(iii) पुन : शिक्षण
(iv) उद्देश्यों का निर्माण करना
(v) अधिगम सामग्री का प्रस्तुतीकरण

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (a) | i | ii | iii | iv | v |
| (b) | ii | i | iii | iv | v |
| (c) | v | iv | iii | i | ii |
| (d) | iv | i | v | ii | iii |

**73.** विद्यालय प्रबंधन का मुख्य दायित्व किस पर होता है ?
(a) प्रधानाचार्य (b) शिक्षक
(c) प्रबंधक (d) उपर्युक्त सभी

**74.** निम्नलिखित में से कौन - सा अधिगम का परिणाम नहीं है ?
(a) परिपक्वन (b) अभिवृत्ति
(c) संप्रत्यय (d) कौशल

**75.** एक विद्यालय के अध्यापक की सबसे प्रमुख विशेषता कौन - सी है ?
(a) विषय का गूढ़ ज्ञान (b) अच्छी संप्रेषण क्षमता
(c) छात्र - कल्याण की चिन्ता (d) प्रभावशाली नेतृत्व के गुण

**76.** आप शिक्षक क्यों बनना चाहते हैं ?
(a) क्योंकि समाज में अध्यापक को बहुत सम्मान मिलता है
(b) क्योंकि आजकल अध्यापक का वेतन बहुत आकर्षक हो गया है
(c) क्योंकि शिक्षण में मेरी रूचि है।
(d) क्योंकि मेरे माता - पिता यह चाहते हैं

**77.** अपने छात्रों में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का विकास आप किस प्रकार करेंगे ?
(a) सामाजिक उत्तरदायित्व पर भाषण देकर
(b) प्रसिद्ध महत्वपूर्ण व्यक्तियों के उदाहरण प्रस्तुत करके
(c) विद्यालय में पाठ्येतर कार्यक्रमों का आयोजन करके
(d) विद्यालय में छात्रों को विभिन्न प्रकार के दायित्व को सौंपकर

**78.** एक अध्यापक के रूप में, उन छात्रों के प्रति आपका दृष्टिकोण क्या होगा जिन्हें आप आपस में झगड़ते हुए पाते हैं ?
(a) झगड़े का कारण जानकर उसे दूर करने का प्रयास करेंगे ।
(b) प्राचार्य को सूचित करेंगे
(c) समस्या को सुलझाने के लिए अन्य अध्यापकों की सहायता लेना चाहेंगे
(d) उन छात्रों पर ध्यान नहीं देंगे

**79.** निम्नलिखित में से कौन - सा, शैक्षिक अवसर की समानता की अपेक्षा के विरुद्ध जा रहा है।
(a) सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालय
(b) आश्रम विद्यालय
(c) पब्लिक विद्यालय
(d) नवोदय विद्यालय

**80.** किसी विद्यालय के लिए समय - सारणी तैयार करते समय विषयों तथा पीरियडों का आवंग किस आधार पर होना चाहिए ?
(a) विषयों का कठिनाई स्तर
(b) छात्रों की रूचि
(c) शिक्षकों की सुविधाएँ
(d) शिक्षकों की उपलब्धि (Availability)

## [Part – B (i)]
## Science and Mathematics (विज्ञान और गणित)

**81.** यदि पृथ्वी के व्यास एवं द्रव्यमान उनके वर्तमान मान के दोगुने हो जाये तो पृथ्वी की सतह पर एक वस्तु का भार क्या होगा ?
(a) आधा हो जाएगा (b) एक - चौथाई हो जाएगा
(c) अपरिवर्तित रहेगा (d) दोगुना हो जाएगा

**82.** जब सीले बिस्कुटों को थोड़ी देर के लिए फ्रिज के अन्दर रखा जाता है, तो वे कुरकुरे हो जाते हैं क्योंकि -
(a) ठंड से अतिरिक्त नमी बाहर आ जाती है
(b) फ्रिज के अन्दर आर्द्रता कम होती है और इसलिए अतिरिक्त नमी अवशोषित हो जाती हैं
(c) फ्रिज के अन्दर आर्द्रता अधिक होती है और इसलिए अतिरिक्त नमी अवशोषित हो जाती है
(d) फ्रिज के अन्दर दाब अधिक होता है जिससे अतिरिक्त नमी बाहर आने में मदद मिलती हैं

**83.** एक 175 मीटर ऊंची चयान से उर्ध्वाधर ऊपर की ओर एक पत्थर को 10 मी./से. के वेग से फेंका जाता है। उस पत्थर को जमीन पर चट्टान के आधार पर गिरने में कुल कितना समय लगेगा ?

(a) 6 सेकेंड (b) 7 सेकेंड
(c) 9 सेकेंड (d) 10 सेकेंड

**84.** चलती हुई साइकिल को सरलता से संतुलित किया जा सकता है। यह किस संरक्षण के नियम से स्पष्ट किया जा सकता है ?

(a) घूर्णी गतिज ऊर्जा (b) स्थानांतरी स्थितिज ऊर्जा
(c) कोणीय संवेग (d) रैखिक संवेग

**85.** एक रेडियोधर्मी तत्व का t1/2 60 मिनट है। 3 घंटे के उपरांत बची हुई मात्रा होगी -

(a) 17.5% (b) 12.5%
(c) 25% (d) 50%

**86.** सितारों में अक्षय ऊर्जा के स्रोत का कारण है -

(a) हाइड्रोजन का हीलियम में परिवर्तन
(b) हीलियम का हाइड्रोजन में परिवर्तन
(c) रेडियोधर्मी पदार्थों का क्षय ।
(d) ऑक्सीजन की अधिकता जो जलने में सहायक है तथा ऊर्जा उत्पन्न करती है

**87.** किसी द्रव्य के भीतर का दाब निर्भर नहीं करता हैं -

(a) द्रव्य के घनत्व पर
(b) द्रव्य स्तंभ की गहराई पर
(c) द्रव्य स्तंभ के अनुप्रस्थ काट के क्षेत्रफल पर
(d) गुरुत्वाकर्षण के अधीन त्वरण पर

**88.** निम्नलिखित में से किस अभिक्रिया में एक अम्ल के रूप में कार्य कर रहा है ?

(a) NH3 + Na → NaNH2 + $\frac{1}{2}$ H2
(b) NH3 + HCL → NH4CL
(c) NH3 + $H^+ \rightarrow NH_4^+$
(d) NH3 अम्ल की तरह कार्य नहीं कर सकता

**89.** अपनी क्रिया के बाद शरीर में हार्मोन -

(a) पुनश्चक्रित होते हैं ।
(b) नष्ट हो जाते हैं
(c) अवशोषित हो जाते हैं
(d) उत्प्रेरक के रूप में प्रयोग किये जाते हैं

**90.** यदि किसी कोशिका में अपने सदृश्य कोशिका से दुगने DNA हों, तो वह कोशिका कर रही होगी -

(a) श्वसन (b) स्रावण
(c) गति (d) विभाजन

**91.** एक वर्णान्ध औरत की शादी एक सामान्य दृष्टि के पुरुष से होती है। उनके बच्चे होंगे -

(a) सामान्य पुत्रियाँ तथा सामान्य पुत्र
(b) वाहक पुत्रियाँ तथा सामान्य पुत्र
(c) वाहक पुत्रियाँ तथा वर्णान्ध पुत्र
(d) वर्णान्ध पुत्रियाँ तथा सामान्य पुत्र

**92.** मानव शरीर में कौन - सी ग्रन्थि शरीर के ताप को नियंत्रित करती है ?

(a) पिट्यूटरी (b) थाइरॉइड
(c) एड्रीनल (d) हाईपोथैलमस

93. $(1-\frac{1}{3})\ (1-\frac{1}{4})\ (1-\frac{1}{5}) \dots (1-\frac{1}{99})\ (1-\frac{1}{100})$ का सरलीकृत मान है -

(a) $\frac{2}{99}$ (b) $\frac{1}{25}$
(c) $\frac{1}{50}$ (d) $\frac{1}{100}$

**94.** cos1° cos2° cos3° ... cos177° cos178° cos179° का मान ज्ञात कीजिए।

(a) 0 (b) $\frac{1}{2}$
(c) 1 (d) $\frac{1}{\sqrt{2}}$

**95.** यदि एक त्रिभुज का परिकेन्द्र, अंत: केन्द्र, केन्द्रक तथा लम्बकेन्द्र एक ही स्थान पर हों, तो वह त्रिभुज कैसा होगा ?

(a) न्यूनकोणीय (b) समद्विबाहु
(c) समकोणीय (d) समबाहु

**96.** यदि $X = \frac{\sqrt{3}-\sqrt{2}}{\sqrt{3}+\sqrt{2}}$ और $Y = \frac{\sqrt{3}+\sqrt{2}}{\sqrt{3}-\sqrt{2}}$ हो, तो $X^3 + Y^3$ का मान क्या होगा ?

(a) 950 (b) 730
(c) 650 (d) 970

**97.** भारत में 'परम' श्रेणी के सुपर - कम्प्यूटरों का विकास निम्नलिखित में से किस संस्था द्वारा किया गया था ?

(a) इण्डियन इंस्टीच्यूट ऑफ साइंसेज –
(b) सेन्टर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवान्स्ड कम्प्यूटिंग
(c) यट इंस्टीच्यूट ऑफ फण्डामेन्टल रिसर्च
(d) इलेक्ट्रॉनिक कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया

**98.** निम्नलिखित में से कौन - सा मल्टीमीडिया प्रस्तुतीकरण का हिस्सा नहीं है ?

(a) ग्राफिक्स (b) ऑडियो
(c) मेमोरी/कीबोर्ड (d) वीडियो

**99.** निम्नलिखित में से कौन कम्प्यूटर क्षेत्र में एक टोपोलॉजी नहीं है ?

(a) स्टार (b) बस
(c) रिंग (d) कैप

**100.** कौन - सा नेटवर्क का एक प्रकार नहीं है ?

(a) एल. ए. एन. (b) एम. ए. एन.
(c) डब्ल्यू . ए. एन. (d) यू. एन. आई. एक्स.

## [Part -B (ii)] Social Science (सामाजिक विज्ञान)

**81.** मध्ययुगीन भारत में सर्वप्रथम 'रुपया' नामक सिक्का किस शासक ने निर्गत किया था ?

(a) हुमायूँ (b) शेरशाह
(c) जहांगीर (d) अकबर

**82.** सहायक संधि व्यवस्था को स्वीकार करने वाले प्रथम भारतीय देशी शासक कौन थे ?
(a) ग्वालियर के सिंधिया (b) हैदराबाद के निजाम
(c) पंजाब के दलीप सिंह (d) बड़ौदा के गायकवाड़

**83.** निम्नलिखित में से कौन, भक्ति आंदोलन के प्रस्तावक नहीं थे ?
(a) नागार्जुन (b) वल्लभाचार्य
(c) त्यागराज (d) तुकाराम

**84.** 'धन उधार देने' का उल्लेख सर्वप्रथम किस वैदिक ग्रंथ में हुआ ?
(a) शतपथ ब्राह्मण (b) गोपथ ब्राह्मण
(c) अथर्ववेद (d) यजुर्वेद

**85.** निम्नलिखित में से किस एक आंदोलन के साथ जयप्रकाश नारायण संबंधित थे ?
(a) असहयोग आंदोलन (b) भारत छोड़ो आंदोलन
(c) सविनय अवज्ञा आंदोलन (d) खिलाफत आदोलन

**86.** अर्थव्यवस्था में किस क्षेत्र को सेवा क्षेत्र कहा जाता है ?
(a) द्वितीयक क्षेत्र (b) तृतीयक क्षेत्र
(c) प्राथमिक क्षेत्र (d) चतुर्थातुक क्षेत्र

**87.** 'बंद अर्थव्यवस्था' का क्या अर्थ है ?
(a) ऐसा देश जिसका कोई आयात और निर्यात न हो
(b) सरकारी क्षेत्र के लिए कोई प्रावधान न हो
(c) निजी क्षेत्र के लिए कोई प्रावधान न हो
(d) आर्थिक नीति सुपरिभाषित न हो

**88.** 'किसान क्रेडिट कार्ड' किसके द्वारा शुरू किया गया था ?
(a) नाबार्ड (b) सिडबी
(c) आरआरबी (d) आरबीआई

**89.** अर्थशास्त्र में केन्द्रीय समस्या क्या होती है ?
(a) जनसंख्या (b) उपभोग
(c) आवंटन (d) दुर्लभता

**90.** किस मद के आयात में भारत की सबसे बड़ी राशि खर्च होती है ?
(a) लौह और इस्पात (b) खाद्यान्न
(c) परिष्कृत पेट्रोल (d) उर्वरक

**91.** भारतीय संविधान की तीनों सूचियों में से किसी में भी उल्लेख न किए गए विषयों पर विधान कौन बनाएगा?
(a) राज्य विधानमंडल
(b) संसद
(c) संसद और राज्य विधानमंडल दोनों
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**92.** व्यक्तिगत स्वतंत्रता का सबसे बड़ा मानक है -
(a) परमादेश (b) उत्प्रेषण
(c) बंदी प्रत्यक्षीकरण (d) अधिकार पृच्छा

**93.** किसी कल्याण राज्य का सर्वाधिक महत्वपूर्ण उत्तरदायित्व है -
(a) निजी संपत्ति को परिरक्षित रखना
(b) जनता के धर्म का संवर्धन करना
(c) शोषण पर नियंत्रण रखना
(d) मूल अधिकारों के अतिक्रमण पर नियंत्रण रखना

**94.** एक धमनिरपेक्षा राज्य -
(a) धर्मों को प्रोत्साहित करता है
(b) धर्मों को हतोत्साहित करता है
(c) धर्मों को एकीकृत करता है
(d) धर्मों के प्रति तटस्थ रहता है

**95.** भारतीय संसद के संयुक्त सत्र की अध्यक्षता कौन करता है ?
(a) भारत के राष्ट्रपति (b) लोकसभा के अध्यक्ष
(c) संसद के वरिष्ठतम सदस्य (d) राज्य सभा के सभापति

**96.** विश्व के किस महाद्वीप में मरुस्थल नहीं है ?
(a) यूरोप (b) ऑस्ट्रेलिया
(c) एशिया (d) उत्तर अमेरिका

**97.** भारत में निम्नलिखित में से कौन - सी एक झील में जल की लवणता अधिकतम है ?
(a) डल (b) चिलिका
(c) साम्भर (d) वुलर

**98.** भारत में निम्नलिखित में से कौन - सा एक सबसे लम्बा राष्ट्रीय राजमार्ग (NH) है ?
(a) NH - 2 (b) NH - 7
(c) NH - 3 (d) NH - 13

**99.** 'वन अनुसंधान संस्थान' कहाँ स्थित है ?
(a) नागपुर में (b) मैसूर में
(c) देहरादून में (d) एर्नाकुलम में

**100.** अधिकांश भू - पर्पटी किस शैल से बनी है ?
(a) आग्नेय (b) कायांतरित
(c) अवसादी (d) कार्बोनेट

## [Part – B (iii)] Humanities (मानविकी)

**81.** भाषा की लघुतम इकाई कौन - सी है ?
(a) शब्द (b) वाक्य
(c) वर्ण (d) उपवाक्य

**82.** 'जीतने की इच्छा करने वाला' इस कथन के लिए कौन - सा एक शब्द उचित है ?
(a) जिज्ञासु (b) जिगीषु
(c) जिजीविषु (d) विविदिषु

**83.** आधुनिक भारतीय भाषाओं का विकास किससे हुआ है ?
(a) अपभ्रंश (b) अवधी
(c) खड़ी बोली (d) ब्रजभाषा

84. निम्नलिखित में से यौगिक शब्द छाँटिए
(a) दशानन (b) परोपकार
(c) चतुर्मुख (d) गोपाल

**85.** 'तो पर बारौं उर बसी, सुन राधिके सुजान।
तू मोहन की उर बसी, है उर बसी समान।।
उपर्युक्त दोहे में कौन - सा अलंकार है ?
(a) यमक (b) अनुप्रास
(c) श्लेष (d) वक्रोक्ति

86. 'मेरी भव - बाधा हरौ राधा, नागरि सोई।
जा तन की झाई परे।
स्याम हरित दुति होई।
इन पंक्तियों के रचयिता कौन हैं ?
(a) बिहारी लाल (b) दुलारे लाल
(c) पद्मावत (d) केशव दास

87. 'सरस्वती' पत्रिका के संपादक कौन थे ?
(a) हजारी प्रसाद द्विवेदी (b) किशोरी प्रसाद वाजपेयी
(c) जयशंकर प्रसाद (d) महावीर प्रसाद द्विवेदी

88. निम्नलिखित वाक्यों में कौन - सा वाक्य शुद्ध हैं ?
(a) उसने न खुद करा है, न किसी से कराया हैं
(b) तुमको हमारे से क्या बैर है ?
(c) हम आपकी कुशल - क्षेम के आकांक्षी हैं
(d) कृप्या फूल तोड़ना मना है

89. 'वोल्गा से गंगा' किसकी रचना है ?
(a) श्यामसुन्दर दास की (b) सरदार पूर्ण सिंह की
(c) डॉ. नगेन्द्र की (d) राहुल सांकृत्यायन की

90. 'बैल एक अंसल पश है।'इस वाक्य में 'अंसल' शब्द का क्या अर्थ है?
(a) बलवान (b) लम्बे सींगों वाला
(c) मजबूत कंधों वाला (d) समान ढोने वाला

91. She never complained **though the work was hard.** The bold part of the sentence is -
(a) Adjective phrases (b) Adjective clause
(c) Adverb clause (d) Noun phrase

92. 'That you are drunk aggravates your offence' is a -
(a) Compound sentence (b) Complex sentence
(c) Negative sentence (d) Simple sentence

93. 'Yes quaint and curious War is!
You shoot a fellow down you'd treat
If you met where any bar is,
Or help to half a crown.' These lines express -
(a) The poet's helplessness
(b) The futility of life
(c) The hollowness of life
(d) The irony and incongruity of life

94. Who is known as the 'Shakespeare of India ?
(a) Jayashankar Prasad (b) Kalidas
(c) Bhavabhuti (d) Banabhatta

95. "Fralitly, thy name is woman!" who said this ?
(a) Hamlet (b) Othello
(c) King Lear (d) Macbeth

96. Give one word substitute for 'language difficult to understand because of bad form'.
(a) Jargon (b) Rhetoric
(c) Verbatim (d) Pedantic

97. "The sheer magic of the recital was spellbinding! The sentence indicates -
(a) The recital lacked magnificence
(b) It was a boring recital
(c) It was a wonderful recital
(d) There was a magic show before the recital

98. "The righteous shall flourish as the Palm tree." The figure of speech in this sentence is -
(a) Metaphor (b) Simile
(c) Hyperbola (d) Epigram

99. The story of Sohrab and Rustam' is taken from -
(a) Omar Khayyam (b) Folk literature
(c) The Arabian nights (d) Firdausi

100. In the . . . . . . . . . . . . . (regression) violence the epic, everyone is as wrathful as Achilles. Use the suitable form for the word given in the bracket.
(a) regressing (b) regressed
(c) regressive (d) regress

# Solutions

**Part A - English**

1. (a): 2. (c): 3. (b):

4. (b): 5. (c): 6. (d):

7. (a): 8. (d):

9. (b): Laissez Faire की व्याख्या है - the policy of allowing private businesses to develop without government control', अर्थात् सरकार का कार्य सिर्फ Law & order to देखना है, शेष कार्य के लिए व्यक्तिगत स्वतंत्रता है। जो चाहे और कर पाये तो वैसा होगा।

10. (b):

## Part A - Hindi

1. (a): 2. (c): 3. (b):

4. (b): 5. (c): 6. (d):

7. (a): 8. (d): 9. (b):


10. (b):

## Part A (ii) Reasoning

11. (c): महीने के मंगलवार हैं -
1, 8, 15, 22, 29
एवं शुक्रवार है - 4, 11, 18, 25
अर्थात् 5 मंगलवार एवं 4 शुक्रवार।

12. (a): लड़के सीख रहे हैं क्योंकि उनमें बात समझने की क्षमता है। उतनी क्षमता नहीं होती तो वे नहीं समझते। अतः निष्कर्ष I अनुसरण करता है। II नहीं करेगा क्योंकि कथन में छात्र को समर्थ बताया गया है, यह निश्चित है। लेकिन छात्रों को सिर्फ वहीं पढ़ाया जाता है, जो उन्हें समझ में आ जाये, यह कथन से स्पष्ट नहीं है। अतः II अनुसरण नहीं करेगा।


13. (b):




रीता और सुमन के बीच छात्रों की संख्या = 42 - (15 + 16) = 11 [अर्थात् 5 + 1 + 5]
स्पष्टतः है कि सुरेश का स्थान बायें से 15 + 6 = 21वां
∴ दायें से सुरेश की स्थिति = 42 - 21 + 1 = 22वां

14. (b): माना कि पुत्र की वर्तमान उम्र x वर्ष है तो पिता की वर्तमान उम्र = (x + 2) + x = (2x + 2) वर्ष होगी। अब प्रश्न से - 2x + 2 = 36
या,
x - 17 वर्ष = पुत्र की वर्तमान उम्र
∴ अभीष्ट उम्र = 17 - 5 = 12 वर्ष

15. (a):





अर्थात् वह ठीक समय (7 : 20 साय) में घुसी थी।

16. (c):

| | | | |
|---|---|---|---|
| हरी पुस्तक | –B, | E, | C |
| पुरानी पुस्तक | –F, | E, | C |
| कानूनी पुस्तक | –A, | B, | C |

स्पष्टतः पुस्तक C तीनों में Common है। अतः हमारा उत्तर (C) होगा।


17. (d):




त्रिभुजों की संख्या 22 या अधिक है, जो हैं -
ABC, ACD, ADE, AEF, ABF, ABD, ACE, ADF, BGC, EIF, ABG AGH, AHI, AGJ, AJI, GHJ, HJI, GJI, ABE, ACF, AIF, AGI


18. (a): पटना $\frac{M}{2}, M$
गया – $\frac{M}{2} + 6, M - 12$
अब प्रश्न से –
$\frac{M}{2}$ + 6 = M - 12 या, $\frac{M}{2}$ = 18
M = 36
अतः कुल संख्या = 36 + $\frac{36}{2}$ = 54

19. (a): सूचनाओं को निम्न प्रकार सजाया जा सकता है -




स्पष्टतः विकल्प (A) उत्तर होगा।

**20. (b):**




∴ अभीष्ट दूरी = 14 + 10 = 24 मी.

**21. (c):**

his city is Agra → cinto booli tsi nzro

his first love is mathematics → cinto mhi keepi tsi oind

mathematics problem is his passion → oind geit tsi cinto pki

∴ Mathematics → oind

**22. (d):**

− → ×

+ → +

× → −

+ → +

अब चिह्न परिवर्तन के बाद,

? = 100 × 10 - 1000 + 1000 + 100 - 10

= 0 + 10 – 10 = 0


**23. (c):** Z Y X W V U T / Z Y X W V U / Z Y X W V/ Z Y X W / Z

∴ ? = Z

**24. (b):** उपयुक्त खाद्य श्रृंखला है -

(E) घास → (C) टिड्डा → (A) मेंढक → (D) सांप → (B) बाज

**25. (d):**




| | | |
|---|---|---|
| E F G एक दादा | - | A = एक श्वसुर |
| एक दादी | - | B = एक सास |
| दो पिता | - | A, C |
| दो माता | - | B, D |
| चार बच्चे | - | C, E, F, G |
| तीन पोते - पोतियाँ- | | E, F, G |
| एक भाई | - | E |
| दो बहनें | - | F, G |
| एक बहू | - | D |
| अतः न्यूनतम संख्या | = | 7 |

**26. (c):** अंकों की अवरोही क्रम निम्न प्रकार हैं -

प्रीति > राहुल > यमुना = दिव्या > मंजू > लोकिता

**27. (b):** कार्य सोमवार को प्रारंभ करता है, तो वह अगले सोमवार तक कार्य करेगा। मंगलवार विश्राम का दिन होगा। फिर बुधवार से बुधवार तक कार्य करेगा। बृहस्पतिवार को विश्राम का दिन होगा। इस प्रकार उसके क्रमवार विश्राम के दिन होंगे.

1. मंगलवार, 2. बृहस्पतिवार, 3. शनिवार, 4. सोमवार, 5. बुधवार, 6. शुक्रवार, 7. रविवार, 8. मंगलवार,


9. बृहस्पतिवार, 10. शनिवार, 11. सोमवार एवं 12. बुधवार ।

**28. (a):** Column wise देखने पर -

8 × 3 - 4 = 20, 9 × 4 – 5 = 31

∴ 7 × 5 - 3 = 32

**29. (d):**




कुछ नाव झील है [कथन (iii) का conversion] तथा नाव एवं टेबल के बीच कोई संबंध नहीं है। अतः दोनों निष्कर्ष अनुसरण करेंगे।

**30. (c):**




स्पष्टतः कोई भी अनुसरण नहीं करेगा।

## Part (iii) Education and General Knowledge

**31. (d):** मिथेन गैस की अधिकता के कारण अरूण (Uranus) नीला हरा दिखाई देता है। असल में मिथेन लाल रंग सोख कर स्पेक्ट्रम का हरा नीला रंग निर्गत करता है।

**32. (b):** थंडर ड्रैगन भूटान का राष्ट्रीय चिह्न भी है।

**33. (b):** राजसुंदरी, आंध्र प्रदेश में स्थित है।

**34. (d):** राष्ट्रीय शिक्षा दिवस 11 नवंबर को मौलाना अबुल कलाम आजाद के जन्मदिवस के अवसर पर मनाया जाता है। मौलाना आजाद स्वतंत्र भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री थे। वे 15 अगस्त, 1947 से 2 फरवरी, 1958 तक इस पद पर रहे।

**35. (c):** पर्यावरणीय लोकतंत्र सूचकांक (Environmental Democracy Index) के शीर्ष के राष्ट्र हैं -

1. लिथुआनिया, 2. लातविया, 3. रूस, 4. रूस तथा 5. दक्षिण अफ्रीका।

**36. (a):** इस योजना की शरूआत का मुख्य उद्देश्य बिजली बचाना है। वर्तमान सी. एफ. एल. एवं परंपरागत बल्बों की जगह एल. ई. डी. लगाने से बिजली की भारी बचत का अनुमान है। एक अनुमान के अनुसार यदि South Block के सारे पुराने बल्ब बदलकर LED लगा दिया जाये तो 7000 यूनिट प्रति माह की बचत होगी।

**37. (a):** रूस द्वारा छोड़े गए इस रॉकेट की लंबाई 42.5 मी. से 64 मी. की बीच, पेलोड 3800 किग्रा, द्रव्यमान 1,71,500 किग्रा. है। इसके साथ लगा सेटेलाइट कई परंपरागत सेटेलाइट का अकेला स्थान लेगा।

**38. (c):** चीन का चावल, गेहूँ सहित अधिकतम खाद्यान्न उत्पादों में शीर्ष स्थान है।

**39. (d):** आर्थिक सुधारों में उदारीकरण, भूमंडलीकरण एवं निजीकरण मुख्य कारक हैं जिसमें वस्तु एवं उत्पाद को बाजार में अपना तल ढूंढने के लिए छोड़ा जाता है। केन्द्रीकरण कंट्रोल राज का द्योतक है जो आर्थिक सुधारों की विपरीत क्रिया है।

**40. (c):** बच्चों में मंद बुद्धि या धीमी वृद्धि के लिए ई. ई. जी. करवाया जाता है। C. T. स्कैन पूरे शरीर का हो सकता है। ई. सी. जी. हृदय रोगियों का करवाया जाता है।

**41. (a):** जैविक ऑक्सीजन मांग (Biological Oxygen Demand) मापन है ऑक्सीजन की मात्रा का माइक्रोऑर्गेनिज्म के प्रयोग में। जैसे - पेड़ों का क्षय, पत्तियों का गिरना आदि इसी की कमी का दुष्परिणाम है। इसका मुख्य मतलब Acrobic Organism से है।

**42. (a):** प्रो. वेद प्रकाश को जून, 2013 में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का अध्यक्ष बनाया गया। वैसे वह 62 वर्ष की उम्र में सेवा निवृत्त हो गये पर अध्यक्ष पद पर बने रहे क्योंकि इसकी अधिकतम उम्र सीमा 65 वर्ष है।

**43. (b):** राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद् ICTE एक्ट 1993 के तहत 17 अगस्त, 1995 को अस्तित्व में आया। इसका उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में उसके Standard, Procedures एवं Processes का मूल्यांकन करना है।

**44. (b):** पंडित मदन मोहन मालवीय को भी अटल बिहारी वाजपेयी के साथ देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न वर्ष 2015 में दिया गया।

**45. (d):** पूरा हिमालय पर्वतमाला वलित पर्वत का उदाहरण है। इसकी उत्पत्ति टेथिज सागर से हुई है। भारतीय प्रायद्वीप गोडवाना द्वीप समूह का अंग - है। उसके उत्तर की ओर खिसकने एवं मध्य एशियाई पठार से टकराने के परिणामस्वरूप टेथिस सागर नामक उथले समुद्र से विशाल हिमालय का जन्म हुआ।

**46. (c):** कुमार गुप्त प्रथम के शासन काल में नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना की गई थी।

**47. (b):** कांचीपुरम् का एक अन्य नाम कांजीवरम भी है। पल्लव राजवंश के काल में इन मंदिरों का निर्माण हुआ है। यह चेन्नई से 72 किमी. दूर है और तमिलनाडु का ही एक जिला है।

**48. (d):** जनगणना 2011 के अनुसार बिहार की कुल साक्षरता दर 63.82% है जिसमें पुरुष साक्षरता दर 73.39% तथा महिला साक्षरता दर 53.53% है। ग्रामीण साक्षरता दर (53.9%) सोचनीय है।

**49. (c):** उर्ध्वपातन में पदार्थ ठोस से सीधा गैस में बदलता है या उसका उलटा। जैसे ठोस कार्बन डाइऑक्साइड कर्पूर आदि। द्रवण में वाष्प द्रव में बदलता है। वाष्पीकरण में गर्म भाग पदार्थ के सतह पर आकर उड़ जाता है जिससे द्रव ठंडा हो जाता है। यही घड़े में होता है।

**50. (d):** नीली क्रांति का संबंध मछली एवं अन्य मेरिन उत्पाद से है। व्यापक अर्थ में इसका प्रयोग जल प्रबंधन के रूप में होता है।

**51. (c):**

**52. (a):** रिमोट कंट्रोल में digitally coded Infrared rays का प्रयोग होता है। इसी तकनीक का प्रयोग ब्लू टूथ, मोसन सेंसर एवं वॉयस कंट्रोल में होता है।

**53. (d):** जैविक रूप से आलू तना है, बीज नहीं। आलू की खेती में आलू ही रोपा जाता है।

**54. (b):** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अशोक चौधरी को वर्तमान गठबंधन सरकार में शिक्षा मंत्री बनाया गया है।

**55. (a):** इस अभियान की शुरूआत मार्च, 2009 में हुई। इसका उद्देश्य माध्यमिक शिक्षा के Access होने एवं उसकी गुणवत्ता सुधारने से है।

## [Part – A (iv) ]
## Teaching learning environment in the school
## (विद्यालय में शिक्षण अधिगम का परिवेश)

**56. (c):** Curriculum (पाठ्यक्रम): 'The subjects that are included in a course of study or taught in a school'

**57. (a):** कारण जानने से ही इसका निवारण हो सकता है।

**58. (b):**

**59. (d):** प्रभावी एवं स्थायी अधिगम (effective and durable learning) के लिए वांछित योग्यता एवं अभिप्रेरणा (desired level of ability and motivation) चाहिए क्योंकि बिना level of ability के, ग्रहण करने में परेशानी है और पढ़ने या ग्रहण करने का Motivation भी चाहिए।

**60. (b):** यदि छात्र को केन्द्रित करके नहीं पढ़ाएंगे तो आपके level एवं उसके level में फर्क से संप्रेषण (communication) नहीं हो पायेगा।

**61. (a):** पाठ्यक्रम घटक हैं -
(i) aim, goal and objectives,
(ii) Subject evaluative a
(iii) Experience. शिक्षण उसकी अगली एवं बाह्य प्रक्रिया है।

| | | |
|---|---|---|
| **62. (d):** | **63. (d):** | **64. (b):** |
| **65. (a):** | **66. (c):** | **67. (d):** |
| **68. (a):** | **69. (c):** | **70. (b):** |

**71.** (b): **72.** (d): **73.** (d):
**74.** (b): **75.** (b): **76.** (c):
**77.** (c): **78.** (a): **79.** (c):
**80.** (d):

## [Part - B (i)] Science and Science विज्ञान और गणित

**81.** (a): **82.** (b): **83.** (b):
**84.** (c): **85.** (b): **86.** (a):
**87.** (c): **88.** (a): **89.** (b):
**90.** (d): **91.** (c): **92.** (d):
**93.** (c): **94.** (a): **95.** (d):
**96.** (d): **97.** (b): **98.** (c):
**99.** (d): **100.** (d):

## [Part - B (ii)] Social Science सामाजिक विज्ञान

**81.** (b): **82.** (b): **83.** (a):
**84.** (a): **85.** (b): **86.** (b):
**87.** (a): **88.** (a): **89.** (a):
**90.** (c): **91.** (b): **92.** (c):
**93.** (d): **94.** (d): **95.** (b):
**96.** (a): **97.** (c): **98.** (b):
**99.** (c): **100.** (c):

## [Part – B (iii)] Humanity मानविकी

**81.** (c): **82.** (b): **83.** (a):
**84.** (b): **85.** (b): **86.** (a):
**87.** (d): **88.** (c): **89.** (d):
**90.** (c): **91.** (b): **92.** (b):
**93.** (d): **94.** (b): **95.** (a):
**96.** (b): **97.** (c): **98.** (b):
**99.** (d): **100.** (c):